हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–16 : जौनपुर, शनिवार 03 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ की बैठक

मुरादाबाद ब्यूरो : मुरादाबाद मंडल के दो दिन के दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनी। साथ ही सुझाव भी मांगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे लिए खुशी की बात है, प्रदेश अध्यक्ष के गृह जनपद में बैठक करने आया हूं। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाई भविष्य की योजनाएं भी बताई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के सामने सरकारी विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, हवाई अड्डे से उड़ान समेत कई मुद्दे जनप्रतिनिधियों ने उठाए। बैठक में भाजपा विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ हरि सिंह ढिल्लों, गोपाल अंजान, साध्वी गीता प्रधान, पूर्व विधायक राजेश चुन्नू, केके मिश्रा, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, चेयरमैन विजय भान सिंह, श्याम बिहारी शर्मा, नत्थू राम कश्यप, अंजू लोचब, कमल गुलाटी, राहुल सेठी आदि मौजूद रहे। रोकटोक के बीच सपा सांसद और विधायक भी पहुंचे सर्किट हाउस मुरादाबाद जिले के सपा विधायक और सांसद भी सर्किट हाउस मीटिंग में हिस्सा लेने पहुंचे। उनके वाहनों को पुलिस ने गेट पर ही रोक लिया। वाहनों की चेकिंग के दौरान मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ एसटी हसन, सपा विधायक नवाब जान, बिलारी के विधायक मोहम्मद फहीम, कुंदरकी के विधायक



जियाउर्रहमान, कांठ विधायक कमाल अख्तर और मुरादाबाद देहात हाजी नासिर कुरैशी को अंदर जाने दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन की व्यवस्था की है। शनिवार दोपहर दो बजे से चार बजे के बीच डायवर्जन लागू रहेगा। एसपी यातायात अशोक कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली की ओर से मुरादाबाद की ओर आने वाले ट्रक, रोडवेज और प्राइवेट बसों को पाकबड़ा जीरो प्वाइंट से पुराना टोल प्लाजा के पास संभल कट की तरफ भेजा जाएगा। यहीं से वापस जाएंगी। दिल्ली की ओर से मुरादाबाद की ओर आने वाले हल्के वाहन कार, ऑटो, लोडर और छोटा हाथी वाहन को दोपहर दो बजे से चार बजे के बीच पाकबड़ा जीरो प्वाइंट से पुराना टोला प्लाजा से संभल कट पर भेजा जाएगा। जीरो प्वाइंट से लाकड़ी चौराहे की ओर नहीं आने दिया जाएगा। ट्रांसपोर्ट नगर से लाकड़ी फाजलपुर की ओर जाने वाले वाहन दो बजे से चार बजे के बीच कोहिनूर तिराहे से गांगन तिराहे से संभल रोड पर डायवर्ट किए जाएंगे। लाकड़ी फाजलपुर से ट्रांसपोर्ट नगर की तरफ जाने वाले वाहनों को दोपहर दो बजे से चार बजे के बीच लाकड़ी चौराहे से यूटर्न कराकर पाकबड़ा जीरो प्वाइंट से संभल कट पुराना टोल प्लाजा से भेजा जाएगा।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विभिन्न तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : मा0 आयुक्त वाराणसी मंडल वाराणसी दीपक अग्रवाल एवं आईजी के सत्यनारायन ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील केराकत में लोगो की समस्याओं को सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील शाहगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारी को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मौके पर ही 13 शिकायतों का निस्तारण किया गया। ग्राम सहावे के तौहीद अहमद ने नाली खाते की जमीन पर अवैध कब्जे के शिकायत की जिस पर उपजिलाधिकारी नितीश सिंह को जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिये। ग्राम कुड़ियारी के अनिल पांडेय ने शिकायत किया कि गाव के छोटेलाल के द्वारा रास्ते मे दीवाल बना लिया है जिस पर उपजिलाधिकारी को जांच कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिए। ग्राम खुदौली में राजस्व एवं पुलिस की टीम की ले जाकर अधूरी नाली को पूरा कराने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिया। ग्राम रामपुर के भूपति सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया कि गाँव की नवीन परती, चकमार्ग और नालो को वीरेंद्र सिंह के द्वारा अपने चक में जोत लिया गया है जिस पर उप जिलाधिकारी शाहगंज को टीम बनाकर चकरोड एवं नाली की पैमाइश कराकर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विद्युत विभाग, जिला पूर्ति कार्यालय, बेसिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा कैम्प लगाकर लोगो का फार्म आनलाइन एवं अपने अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में





जानकारी प्रदान की गयी। जिलाधिकारी के द्वारा बारी बारी से सभी विभागों के स्टाल का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, आवस एवं राशन कार्ड की शिकायते आयी जिसे सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुए निर्देशित किया कि 01 सप्ताह की भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश ने तहसील बदलापुर एवं अपर जिलाधिकारी भू राजस्व रजनीश राय ने केराकत में समस्याओं को सुना। इस अवसर पर डीएफओ प्रवीण खरे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला उपस्थित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (''दिशा'') जौनपुर की 05 सितम्बर को होगी बैठक

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (''दिशा'') जौनपुर की बैठक 05 सितम्बर 2022 को अपरान्ह् 02:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय सांसद जौनपुर श्याम सिंह यादव की अध्यक्षता में आहूत की गयी है, जिसमें माननीय सांसद मछलीशहर बी0पी0सरोज एवं माननीय सांसद राज्यसभा श्रीमती सीमा द्विवेदी जी सह–अध्यक्ष होगें। उक्त बैठक में जनपद में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एवं वित्त पोषित समस्त योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने–अपने विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की अद्यावधिक प्रगति रिपोर्ट के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बैठक में अनुपस्थित होने पर सम्बन्धित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगें।

## समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान शुरु

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ हैं। जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों/राजकीय विभाग/अर्द्धशासकीय संस्थाओं/बैंक/ पोस्ट आफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को अवगत कराना है कि मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्र करने हेतु समस्त बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा 01 अगस्त 2022 से घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र फार्म–6बी में आधार नम्बर एकत्रीकरण की कार्यवाही की जा रही है। मतदाताओं द्वारा स्वयं भी एनवीएसपी एण्ड वीएचए (वोटर हेल्पलाइन एप) इत्यादि के माध्यम से आनलाइन फार्म–6बी भरे जाने की सुविधा आयोग द्वारा प्रदान की गई है। शत प्रतिशत स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु 04 सितम्बर 2022 (रविवार) को एवं 25 सितम्बर 2022 विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलों पर किया जायेगा। अतः आप सभी से अपील है कि स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र करने हेतु निर्धारित फार्म–6बी में अपना आधार नम्बर एवं पहचान पत्र नम्बर भरकर अपने बूथ लेविल आफिसर/तहसील पर स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर प्राप्त कराये या स्वयं आनलाईन के माध्यम से करते हुए शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

## सीजेएम कोर्ट के बाहर वकीलों ने नारेबाजी कर दिया धरना : मंगलवार तक कार्य बहिष्कार का एलान

आगरा ब्यूरो : मैनपुरी में दीवानी के वकील मंगलवार तक अदालतों में कार्य बहिष्कार करेंगे। सोमवार को वकीलों का एक प्रतिनिधि मंडल इलाहाबाद में मुख्य न्यायाधीश से मिलेगा। मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन देकर समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की जाएगी। शनिवार को भी वकीलों ने कार्य बहिष्कार करके सीजेएम कोर्ट के बाहर नारेबाजी करके धरना दिया। वकालत के दौरान आ रही समस्याओं के विरोध में वकीलों ने आंदोलन के तीसरे दिन शनिवार को जिला जज न्यायालय के बाहर सांकेतिक धरना देने के बाद सीजेएम न्यायालय के बाहर धरना दिया। नारेबाजी करके समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की। शनिवार की सुबह दीवानी के वकील बार एसोसिएशन के सभागार में एकत्रित हुए। एसोसिएशन अध्यक्ष सौरभ यादव, सचिव संतोष यादव के नेतृत्व में वकील नारेबाजी करते हुए जिला जज न्यायालय के गेट पर पहुंचे। गेट के बाहर नारेबाजी कर धरना दिया। बाद में वकील नारेबाजी करते हुए सीजेएम न्यायालय परिसर के बाहर पहुंचे। वकीलों ने सीजेएम न्यायालय के बाहर धरना दिया। सौरभ यादव ने कहा कि न्यायालयों में वादकारियों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। वसूली की प्रथा रोकने के लिए वकील हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। प्रदर्शन में ये रहे मौजूद सचिव संतोष यादव राजू ने कहा कि अदालतों में पीठासीन अधिकारियों की मौजूदगी में ली जाने वाली पेशा हर हाल में बंद की जानी चाहिए। राघवेंद्र कश्यप, एएच हाशमी, ब्रजेंद्र सिंह यादव, गगन तिवारी, गोपाल शुक्ला, संजना चौहान, रीता नैयर, विनीता भदौरिया, नरेंद्र यादव, अनिल यादव, शिवम कटियार, हरवीर सिंह, जगदीश यादव, शिवकुमार यादव, विनीत निगम, जीतू राजपूत, शैलेंद्र यादव, सुरेंश यादव, मोहम्मद उमैर मौजूद रहे। धरने में वकीलों ने निर्णय लिया कि दीवानी न्यायालयों में कार्य बहिष्कार छह सितंबर तक जारी रहेगा। पांच सितंबर को वकीलों का एक प्रतिनिधि मंडल इलाहाबाद में मुख्य न्यायाधीश से मिलेगा। मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन देकर समस्याओं का निराकरण कराने की मांग करेगा। मंगलवार को दोपहर 1.30 बजे बार एसोसिएशन के सभागार में वकीलों की बैठक में आंदोलन की आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। सोमवार को आएंगे बार काउंसिल के सदस्य दीवानी के वकीलों के आंदोलन को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने अपना समर्थन दिया है। बार काउंसिल के सदस्य अनुराग पांडेय, अंकज मिश्रा, अजय यादव सोमवार को वकीलों के धरने में शामिल होंगे। कानपुर, इटावा, एटा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, आगरा, फिरोजाबाद की बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी धरने में शामिल होंगे।

## ''सर्वाईकल कैंसर के प्रति जागरूक करने हेतु'' कांशीराम जी इण्टर कालेज में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशन में ''सर्वाईकल कैंसर के प्रति जागरूक करने हेतु'' सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम, के दिशा–निर्देशन में 03 सितम्बर 2022 को ''मान्वयवर कांशीराम जी इण्टर कालेज, शीतला चौंकिया, जौनपुर'' में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डा0 अनम एवं डा0 सीमा सिंह द्वारा बताया गया कि सर्वाईकल कैंसर ह्यमून पैरिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण के कारण होते है। एचपीवी वायरस का एक समूह है जो दुनियाभर में बेहद आम है। एचपीवी के 100 से अधिक प्रकार है, जिनमें से कम से कम 14 कैंसर पैदा करने वाले है (जिन्हें उच्च जोखिम प्रकार भी कहा जाता है) दो एचपीवी प्रकार (16 और 18) 70 प्रतिशत सर्वाईकल कैंसर और कैंसर से पहले के सर्वाईकल का कारण बनते है। जिसके उपचार हेतु सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी द्वारा किया जाता है। शिविर को सम्बोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर देवेन्द्र




कुमार यादव, द्वारा नालसा की योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत, आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत एवं धारा–138 एन0आई0एक्ट विशेष लोक अदालत के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर अध्यापकगण/अध्यापिका बच्चे एवं पी0एल0वी0गण शिवशंकर सिंह, सुबाष चन्द्र यादव, सुनील कुमार गौतम, रूपेश कुमार सेठ व अन्य उपस्थित रहे।

## वीरवर भगवान श्रीलक्ष्मण के वीरत्व एवं त्याग पर हुई चर्चा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लक्ष्मण महोत्सव कार्यक्रम के 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2022 के आयोजन एवं लक्ष्मण संदेश पत्रक वितरण के संबंध में बाल निकुंज बालिका इंटर कालेज अलीगंज लखनऊ




में वीरवर भगवान श्रीलक्ष्मण के वीरत्व एवं त्याग पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित प्रमोद द्विवेदी , विष्णु तिवारी , संजय सिंह पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा , विद्यालय प्रबंधक पुष्पा जायसवाल तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने लखनऊ की संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए जनांदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने का दृढ़ संकल्प किया। समाजसेवी के के सिंह संयोजक लक्ष्मण महोत्सव ने उक्त जानकारी दी।

## 04 एवं 05 सितम्बर को इन्दिरा गाँधी स्टेडियम सिद्दीकपुर जौनपुर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 04 एवं 05 सितम्बर 2022 को इन्दिरा गाँधी स्टेडियम सिद्दीकपुर जौनपुर में आयोजित किया गया है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों (एथेलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन वालीवाल खेल विधा की प्रतियोगिता होगी। विकास खण्ड स्तर की प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी जनपदस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन 04 सितम्बर 2022 को प्रातः 11:00 बजे राज्यमंत्री खेलकूद एवं युवा कल्याण (स्वतन्त्र प्रभार) उ0प्र0 माननीय गिरीश चन्द्र यादव के कर कमलो द्वारा किया जायेगा।




facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
अच्छा वक्त उसी का होता है जो किसी का बुरा नहीं सोचते।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# मुहम्मद हसन पीजी कालेज में व्यापक स्तर पर चला अनमय बचाओ अभियान!

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अनमय बचाओ अभियान के अंतर्गत आज जनपद के मुहम्मद हसन पीजी कालेज व इण्टर कालेज में व्यापक रूप से अभियान चलाया गया। अभियान सुबह 8 बजे से प्रारम्भ होकर शाम 4 बजे तक चला। अभियान की अगुवाई करते हुए विकास तिवारी ने सर्वप्रथम महाविद्यालय व इण्टर कालेज के प्रबन्धक अब्दुल कादिर खान के सहयोग से मुहम्मद हसन इण्टर कालेज की प्रत्येक कक्षाओं में जाकर बच्चो से मदद की अपील की। गौरतलब हो सुल्तानपुर जनपद का निवासी 7 माह का अनमय स्पाइनल मस्कुलर अट्रोपी टाइप 1 नामक गम्भीर बीमारी से जूझ रहा है जिसके इलाज के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये की आवश्यकता है तमाम समाजसेवियों व निजी संस्थाओं ने अनमय मदद की एक मुहिम चला रखी है। इस क्रम में जौनपुर के युवाओ की एक टोली विकास तिवारी के तत्वाधान में हाथों में अनमय बचाओ अभियान लिखा हुआ एक बड़ा बैनर तथा एक डोनेशन बॉक्स लेकर मुहम्मद हसन इण्टर कालेज व डिग्री कालेज में व्यापक स्तर पर मदद का अभियान चलाया। जहा मौजूद छात्रो में अनमय को बचाने के लिये पैसे देने का जबरदस्त जुनून देखने को मिला तथा बच्चे यह कहते हुए सुने गए कि मम्मी और पापा से कहकर अनमय की जान बचाने के लिए हम लोगो का ढेर सारा पैसा अनमय के खाते में भेजना है। महाविद्यालय के छात्र छात्राये भी भारी संख्या में अब अनमय बचाओ पोस्टर पर लगे बारकोड को स्कैन करके अपने खाते से अनमग के इलाज के लिए पैसे भेजे। अनमय बचाओ अभियान मुहिम का नेतृत्व कर रहे विकास तिवारी ने कहा कि मुहम्मद हसन पीजी कालेज के प्रबंधक डॉ अब्दुल कादिर खान को मैं धन्यवाद



देना चाहूंगा जिन्होंने स्वयं दूरभाष पर सम्पर्क करके अनमय बचाओ अभियान से जुड़े सदस्यों को अपने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच उपस्थित होकर अपील करने के लिए आमंत्रित किया। जहां महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस अभियान को और अधिक ताकत देने का संकल्प लिया। छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अतुल सिंह ने कहा कि मात्र एक सप्ताह के अथक प्रयासों से हम सभी ने मदद के लिए लगभग 1 करोड़ की धनराशि इकट्ठा कर ली है बाकी की धनराशि को इकट्ठा करने के लिए हमे अपने प्रयासों को सोलह गुना और अधिक बढ़ाकर जन जन को जागरूक करते हुए जनपद के हर घर से मदद की गुहार लगानी होगी जिसमें खासकर छात्र अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हम महाविद्यालय के प्रबंधक अब्दुल कादिर खान साहब का धन्यवाद ज्ञापित करते है जिन्होंने इस मुहिम में हमारे साथ जुड़ने की पेशकश की और खुद भी अर्थदान का भरोसा दिया। इस अवसर पर डॉ अब्बासी ने कहा कि हम सभी जीजान से अनमय की मदद में लगे हुए है और हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक दिन जनपद के अन्य और महाविद्यालयों में जाकर इस मुहिम को गति देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नूरुद्दीन महिला महाविद्यालय में विगत दिनों से यह मुहिम चलाई जा रही है जहां अधिक संख्या में छात्र व छात्राओं ने मदद के लिए अर्थदान भी दिया है। उपरोक्त अवसर पर विकास तिवारी, अतुल सिंह, डॉ अब्बासी, अवनींद्र यादव, तुषार श्रीवास्तव, दिव्यप्रकाश सिंह, डॉ अजय विक्रम सिंह, अभय राज, निर्भय सिंह, रामबचन यादव, अभिषेक यादव, कुलदीप, सोनू समेत इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# बकाया फीस को लेकर स्कूल ने किया जलील तो छात्र ने फांसी लगाकर दी जान


प्रयागराज ब्यूरो : थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना तीन में इंटर के छात्र को फीस नहीं जमा होने पर स्कूल प्रबंधन ने प्रताड़ित किया तो उसने बृहस्पतिवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। प्रतापगढ़ का



रहने वाला छात्र झूंसी के बंधवा ताहिरपुर रोड के आशुतोष पुरम कालोनी में किराये का कमरा लेकर बड़े भाई और चाचा के साथ रहता था। घटना की सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। शुक्रवार की देर शाम तक छात्र के परिजनों की ओर से झूंसी पुलिस को तहरीर नहीं दी थी। उधर, स्कूल प्रबंधन ने ऐसे किसी भी आरोप से इनकार किया है। प्रतापगढ़ के रानीगंज के डिघवट निवासी अनिल कुमार ओझा के बेटे प्रफुल्ल और प्रतीक अपने चाचा प्रमोद के साथ झूंसी के बंधवा ताहिरपुर स्थित आशुतोष पुरम कालोनी में किराये पर कमरा लेकर रहते हैं। प्रफुल्ल शंभूनाथ इंस्टीट्यूट से बीटेक कर रहा है। जबकि उसका छोटा भाई 17 वर्षीय प्रतीक झूंसी की आवास विकास कालोनी योजना तीन स्थित एक निजी स्कूल में 12वीं का छात्र था। प्रमोद झूंसी के त्रिवेणीपुरम कालोनी स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। यहीं से कुछ दूरी पर प्रतीक के दूसरे चाचा गिरीश चंद्र ओझा भी परिवार के साथ रहते हैं। प्रतीक काफी दिनों से अवसाद में था। चाचा गिरीश का आरोप है कि प्रतीक को स्कूल में फीस के लिए प्रताड़ित किया जाता था। कुछ रोज पहले भी उसे स्कूल में प्रबंधक और तीन अध्यापकों ने अन्य छात्र–छात्राओं के सामने फीस के लिए जलील किया था। उसकी 10 हजार फीस बकाया थी। चाचा गिरीश का आरोप है कि स्कूल में फीस को लेकर जलील करने से वह अवसाद में चला गया था। सुबह तकरीबन सात बजे बड़ा भाई प्रफुल्ल अपने कॉलेज चला गया। उसके जाने के बाद प्रतीक ने कमरे में चादर के सहारे पंखे के चुल्ले में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद चाचा गिरीश वहां पहुंचे तो कमरे का दरवाजा भीतर से खुला हुआ था। कमरे में गए तो प्रतीक को फांसी पर लटकता देख सन्न रह गए। घटना की जानकारी मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के चाचा गिरीश का कहना है कि शनिवार को झूंसी लौटने पर स्कूल के प्रबंधक व आरोपी शिक्षकों के खिलाफ थाने में तहरीर देंगे। उधर, स्कूल के प्रबंधक ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि शनिवार को परिजनों ने स्कूल आने के लिए बोला है। उनके आने पर बातचीत की जाएगी।

# कुशल चिकित्सक व मिलनसार के रुप में आसपास के जिलों में प्रसिद्ध है अमानीगंज स्थित अमर अस्पताल के डायरेक्टर डाक्टर अरविंद खरे व उनकी टीम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) किसी ने सही कहा है कि अगर इस धरती पर दूसरा भगवान कोई है तो वह चिकित्सक है।जो किसी भी प्राणी का इलाज कर उसे नया जीवन देने का काम करते हैं।उसी में कुछ चिकित्सक ऐसे भी होते हैं तो एक चिकित्सक होने के साथ साथ साथ मित्र, समाजसेवी व मिलनसार होते हैं।उसी में एक नाम अयोध्या जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में अमानीगंज स्थित अमर हास्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर अरविंद खरे व उनकी टीम है।मालूम हो कि इस हास्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर अरविंद खरे विगत कई वर्षो से जहां एक ओर अपने चिकित्सा से मरीजो को स्वस्थ्य कर सराहनीय कार्य कर रहे हैं वही कोरोना काल में उन्होंने व उनकी टीम ने कोरोना से पीड़ित मरीजों का इलाज कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया।जिसमें इनके साथ साथ इनकी पुत्री व शहर की जानी मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर आरुषि खरे,अमर हास्पिटल की प्रबंध निदेशक साधना खरे सहित उनकी टीम ने अपना सराहनीय योगदान दिया।जिसके चलते उन्होंने कोरोना काल में कई मरीजों को बचाने का काम किया। इसी तरह इनके अस्पताल में आज तक कोई भी मरीज आया वह डाक्टर अरविंद खरे व उनकी टीम द्वारा किये गये इलाज से ठीक होकर ही गया।जिसके चलते यहां पर आने वाले मरीज व उनके तीमारदार उनके द्वारा किए गए इलाज पर तारीफ करते हुए दिखाई देते हैं।एक खास मुलाकात में अमर हास्पिटल के






डायरेक्टर डाक्टर अरविंद खरे ने बताया कि चिकित्सा एक ऐसा पेशा है जहां पर परोपकार व मरीजों को बेहतर तरीके से इलाज करना होता है। इसके साथ ही साथ एक चिकित्सक व मरीजों के साथ साथ उनके तीमारदार से मित्रवत व्यवहार भी होना चाहिए। जिससे मरीज व उनके तीमारदार को यह लगे कि चिकित्सक उसके मरीज का सही इलाज कर रहा है।रही बात ठीक होने की वह सब ईश्वर के हाथ में रहता है हम सब केवल एक चिकित्सक होने का फर्ज निभाने का काम करतें हैं।कुल मिलाकर अमर अस्पताल अमानीगंज के डायरेक्टर डाक्टर अरविंद खरे,उनकी बेटी डाक्टर आरुषि खरे व अमर अस्पताल की प्रबंधा निदेशक साधना व उनके टीम के कार्यों की सराहना सिर्फ अयोध्या जिले में ही नहीं बल्कि आसपास के जिलो में भी हो रही है।

# ग्राउंड में देख पाएँगे 11000 से ज्यादा "अयोध्या की रामलीला" के रामभक्त!

अयोध्या ( जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब ओफ इंडिया में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए "अयोध्या की रामलीला कमेटी" के क्रिएटिव डायरेक्टर व जनरल सेक्रेटरी शुभम मलिक ने बताया कि यह अयोध्या की रामलीला का तीसरा संस्करण है जो अयोध्या में लक्ष्मण किला, सरयू नदी के किनारे होने जा रहा है। अयोध्या की रामलीला का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी और माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह जी और अयोध्या की रामलीला के मुख्य संरक्षक श्री प्रवेश साहिब वर्मा (भाजपा सांसद)जी के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन होता है।आज दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का हमारा एक ही उद्देश्य है की भगवान श्री राम की रामलीला को सभी राम भक्त घर पर बैठकर देख पाएं। इसलिए हम विभिन्न जगहों पर अयोध्या की रामलीला की प्रेस कांफ्रेंस करते हैं। अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है, 2020 में 16 करोड़, और 2021 में बाईस करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चौनल और सोशल मीडिया यूट्यूब पर हुआ है।इस मौके पर "अयोध्या की रामलीला" के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मलिक जी ने बोला कि "अयोध्या की रामलीला" का आयोजन भगवान श्री राम जी के आशिर्वाद से होता है। इसमें मेरे मित्र गुफी पेंटल नारद मुनि की भूमिका निभा रहे हैं और मेरे मित्र गिरजा शंकर राजा दशरथ, श्री राम जी के पिताश्री जी की भूमिका निभा रहे हैं, भाग्यश्री,राकेश बेदी, रजा मुराद, गुफी पेंटल,और कई बॉलीवुड की महान हस्तियां अयोध्या की रामलीला में काम कर रही हैं। भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। भगवान श्री राम के भक्तो ने इसे विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया है। अयोध्या कि रामलीला में सबसे बड़ा सहयोग उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सहयोग से हो पाया है और उनका सहयोग हमारे पर रहता है,हम बड़े भाग्यशाली हैं। "अयोध्या कि रामलीला" इस वर्ष अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी। 2020 में सोलह करोड़ से ज्यादा भगवान राम भक्तो ने इसे देखा था, 2021 मे बाईस करोड़ से ज्यादा राम भक्तो ने देखा था।इस बार हमे पुरी उम्मीद है, भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी। इस मौके पर अयोध्या कि रामलीला कमेटी के क्रिएटिव डायरेक्टर व जनरल सेक्रेटरी शुभम मलिक ने बोला की अयोध्या कि रामलीला में इस बार 1600 फुट का स्क्रीन सेट तैयार हो रहा है और बॉलीवुड की कई महान हस्तियां अयोध्या कि रामलीला में काम कर रही हैं। अयोध्या कि रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक(बॉबी) ने बताया अयोध्या कि रामलीला का अयोजन दिनांक 25 सितंबर से 5अक्टूबर 2022 तक अयोध्या में हर वर्ष कि तरह लाइव देख पाएंगे।इस वर्ष अयोध्या कि रामलीला का तीसरा संस्करण होगा। जिसको लाइव दिखाया जाएगा। जिसे आप शाम 7 से रात 10 बजे तक दूरदर्शन पर देख पाएंगे। श्री रवि किशन जी केवट, श्री विंदू दारा सिंह जी हनुमान जी, श्री गजेंद्र चौहान जी राजा जनक जी, श्री शाहबाज खान जी रावण , श्री गुफी पेंटल जी नारद मुनि जी, श्री गिरजा शंकर जी दशरथ जी, कपिल शर्मा शो की बुआ उपासना सिंह जी कैकेई, दीक्षा रैना जी सीता जी, राहुल बुचर भगवान राम , रजा मुराद जी महर्षि विश्वामित्र जी की भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर मौजूद थे, अयोध्या कि रामलीला कमेटी के चेयरमैन राकेश बिंदल और वॉइस चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, वॉइस चेयरमैन कैप्टन राज माथुर, वॉइस चेयरमैन अनुज अग्रवाल, संरक्षक सत्य प्रकाश राणा ,सरंक्षक पवन वत्स ,उपाध्यक्ष दीपक भगचंदनी जी ने बोला अयोध्या कि रामलीला 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अयोध्या में तीसरा संस्करण होने जा रहा है। हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है।भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में अयोध्या कि रामलीला का आयोजन होता है। इस मौके पर अयोध्या की रामलीला में मुख्य भूमिका निभा रहे राहुल भूचर( श्री राम की भूमिका ) ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशीर्वाद होती है! और इसको दुनिया के कोने कोने में भगवान श्री राम के भक्त देखते हैं।इस मौके पर सीता की भूमिका निभा रही दीक्षा रैना जी ने बोला कि मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली मानती हूं की में "अयोध्या की रामलीला" में माता सीता की भूमिका निभा रही हूँ। आज प्रेस वार्ता को सम्बोधित हुए " अयोध्या की रामलीला" के फाउंडर सुभाष मलिक जी ने बोला मुझे बड़ी खुशी है कि इस वर्ष अयोध्या की रामलीला को 11000 से ज्यादा रामभक्त लक्ष्मण कि्ला अयोध्या में बेठकर देख पाएँगे। 5000 कुर्सियों का इंतजाम किया है बेठने के लिए।

# शास्त्री पुल पर कार खड़ी करने के बाद युवक ने उफनाई गंगा में लगाई छलांग : देर रात तक नहीं चला पता

प्रयागराज ब्यूरो : शास्त्री पुल पर कार खड़ी करने के बाद एक वृद्ध ने उफनाई गंगा में छलांग लगा दी। देखते ही देखते वह पानी में लापता हो गया। पुल पर से गुजरते हुए जिसने भी यह दृश्य देखा वह सन्न रह गया। लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसके कार की तलाशी ली, जिसमें कई कागजात मिले हैं। जिसके आधार पर उनकी पहचान राजरूपपुर निवासी मदनलाल राय के रूप में हुई। वह पेशे से अधिवक्ता थे। शुक्रवार को रात्रि करीब 11 बजे टाटा की एक कार शास्त्री पुल पर बीचो बीच खड़ी हो गई। उसमें से निकले एक व्यक्ति ने गाड़ी की चाभी पुल पर रखने के बाद उफनाई गंगा में छलांग लगा दी। यह दृश्य देखकर पुल पर से गुजरने वाले सन्न रह गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी के अंदर से पर्स, मोबाइल और कुछ कागजात मिले। जिसके आधार पर व्यक्ति की पहचान मदन लाल राय नामक युवक के रूप में की गई। उस पर पता राजरूपपुर प्रयागराज अंकित था। गाड़ी छत्तीसगढ़ की बताई जा रही है। जिसका नंबर सीजी 04 एचसी 3619 है। पुलिस परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। साथ ही गंगा में युवक की खोजबीन के लिए भी प्रयास किया गया।

# अराजक तत्वों के जमावड़े की सूचना पर अतीक के घर छापेमारी : लावारिस हाल में मिली फॉर्च्यूनर

प्रयागराज ब्यूरो : अतीक अहमद के चकिया स्थित पैतृक घर के परिसर में फॉर्च्यूनर लावारिस हाल में खड़ी मिली। खुल्दाबाद पुलिस ने इसे सीज कर कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि वाहन का असली मालिक कौन है, इसका पता लगाया जा रहा है। अतीक के चकिया स्थित मकान को पिछले साल बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया गया था। अब वहां मकान के अवशेष पड़े हैं। खुल्दाबाद पुलिस को सूचना मिली थी कि अतीक के चकिया स्थित पैतृक घर में रोजाना कुछ लोगों का जमावड़ा होता है। इस पर शुक्रवार रात आठ बजे के करीब इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा ने मयटीम वहां दबिश दी। इस दौरान वहां कोई नहीं मिला लेकिन अहाते में एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर लावारिस हाल में खड़ी मिली। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन वाहन के बारे में कोई कुछ बता नहीं सका। इसके बाद इसे थाने लाकर सीज कर दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि वाहन के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। राजरूपपुर के वाहिद के नाम पर है पंजीकृत पुलिस सूत्रों ने बताया कि अतीक के घर से बरामद फॉर्च्यूनर राजरूपपुर के वाहिद के नाम पर पंजीकृत है। हालांकि पंजीयन प्रमाणपत्र में जो मोबाइल नंबर लिखा है, वह कौशाम्बी के किसी व्यक्ति का है। संपर्क करने पर उसने बताया कि वह हिंदू है और उसके नाम से कोई गाड़ी भी नहीं है।

# प्रसव के बाद मां–बच्चे की मौत पर नर्सिंग होम में हंगामा–तोड़फोड़

अलीगढ़ ब्यूरो : क्वार्सी थाना क्षेत्र में विष्णुपुरी स्थित शिवा नर्सिंग होम में शुक्रवार दोपहर प्रसव के बाद कुछ देर बाद प्रसूता व बच्चे की मौत पर बखेड़ा हो गया। नाराज परिवार ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ तक कर दी। इस दौरान डॉक्टर पक्ष व पुलिस से तीखी नोकझोंक हो गई। परिवार ने गिरफ्तारी व मुकदमे की मांग रख दी। किसी तरह देर शाम परिवार को कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत किया गया, तब जाकर विवाद थमा। देर रात दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए थे और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा था। मोहल्ला डोरी नगर के राहुल ने अपने बड़े भाई की मौत के बाद 26 वर्षीय भाभी सीता देवी से शादी की थी। वह पहले से दो बच्चों की मां थी। फिर गर्भवती होने पर बृहस्पतिवार सुबह प्रसव के लिए शिवा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। राहुल का आरोप है कि शुक्रवार सुबह 10:40 बजे महिला ने बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद दोनों की हालत बिगड़ी तो बच्ची को एनआईसीयू में रखने व महिला को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। परिवार का आरोप है कि इलाज में लापरवाही के चलते दोनों की हालत बिगड़ी थी और जैसे ही दोनों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर पर तमाम परिजन एकत्रित हो गए और दोनों के शवों को लेकर नर्सिंग होम आ गए। जहां उन्होंने यह कहते हुए हंगामा किया कि जानबूझकर लापरवाही की गई है। बच्चे पर वजन रखा गया है। इसी में दोनों की जान गई है। बस इसी बात पर शव अस्पताल के गेट पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। दोपहर करीब 3:30 बजे हंगामा शुरू होने की खबर पर कुछ भाजपा नेता भी पहुंच गए। हंगामा बढ़ते देख स्टाफ धीरे धीरे खिसक गया। इस बीच वहां लोगों ने काउंटर, खिड़की आदि



के शीशे तक तोड़ दिए। सूचना पर पुलिस पहुंची। परिवार को समझाने का प्रयास किया जाने लगा। मगर परिजन मानने को तैयार नहीं हुए। बाद में एसीएम व सीओ तृतीय पहुंचे। नर्सिंग होम के डॉक्टर के समर्थन में कुछ अन्य डॉक्टर भी आ गए। इस दौरान बातचीत व समझाने के दौरान पुलिस व अन्य डॉक्टरों ने नोकझोंक तक हो गई। यहां तत्काल गिरफ्तारी की मांग रखी गई। पुलिस तत्काल गिरफ्तारी के लिए तैयार नहीं थी। किसी तरह साढ़े आठ बजे मुकदमा दर्ज करने व पोस्टमार्टम कराने पर सहमति बनी। तब हंगामा शांत हुआ। सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय के अनुसार शिवा नर्सिंग होम के डॉक्टर गर्ग सहित चार अन्य डॉक्टरों के खिलाफ राहुल ने तहरीर दी है, जिसमें गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दोनों रिपोर्ट सीएमओ को भेजी जाएगी। वहां की जांच के आधार पर आगे कार्रवाई तय की जाएगी। जब एक डॉक्टर को रुआब जमाना भारी पड़ा इस प्रकरण की खबर पर डॉक्टर के समर्थन में बाहर से कुछ डॉक्टर भी आ गए थे। पहले तो वे वहां खड़े होकर हंसते थे, जिन्हें देख लोग नाराज हो गए और उनसे नोकझोंक हो गई। इस पर दोनों डॉक्टर अंदर चले गए और नर्सिंग होम संचालक को बुला लिया। फिर वे अंदर से ही इशारा कर सीओ व एसीएम को अंदर बुलाने लगे। इस पर सीओ भी अंदर चले गए। अंदर डॉक्टर ने सीओ पर रुआब गालिब करते हुए कहा कि वे आपके एक बड़े अधिकारी के डॉक्टर हैं। इस पर सीओ ने डॉक्टर को बाहर बुलाकर लताड़ लगाकर ठंडा कर दिया। – प्रसव के दौरान बच्चा फंसा हुआ था। परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में बच्चे को मशीन से निकाला गया। इसके चलते उसकी हालत नाजुक थी। उसे दबाकर सांस वापस लाने का प्रयास किया। इसी बीच महिला की भी हालत बिगड़ गई। परिवार को सब जानकारी में था। हमने जानबूझकर कुछ नहीं किया। दोनों को मेडिकल कॉलेज व नर्सरी (एनआईसीयू) रेफर किया गया। वहां उनकी मौत हो गई। अब इसी गुस्से में उन्होंने वापस आकर हंगामा किया है।

# मासूम की दुष्कर्म के बाद हत्या में दोषी को उम्रकैद

अलीगढ़ ब्यूरो : दिल्ली से ममेरी बहनों की शादी में शामिल होने गोंडा क्षेत्र में आई 10 वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या की वारदात में अदालत ने फैसला सुनाया है। मिशन शक्ति अभियान के तहत एडीजे विशेष पॉक्सो प्रथम ओमवीर की अदालत से दोषी को उम्रकैद व एक लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है। इस वारदात को शादी समारोह में स्टेज आदि की सजावट करने आए हाथरस के युवक ने अंजाम दिया था। अभियोजन अधिवक्ता




एडीजीसी द्वय संजय शर्मा व लव बंसल के अनुसार, घटना 2/3 मई 2015 की मध्य रात्रि की है। मुकदमा बच्ची की मां की ओर से गोंडा थाने में 3 मई की सुबह दर्ज कराया गया था। मुकदमे के अनुसार, दिल्ली की रहने वाली महिला अपने भाई की दो बेटियों की शादी में शामिल होने गोंडा क्षेत्र में एक मई को आई थी। 2 मई को शादी के लिए शाम से सजावट चल रही थी। रात 12:45 बजे बरात के खाने के समय उसकी 10 वर्षीय बेटी गायब हो गई। तड़के उसका शव नग्न अवस्था में पंडाल के पीछे खाली मकान में मिला। मौके पर पाया गया कि बच्ची का उसकी फ्रॉक से ही गला घोंटा गया है। इसी बीच लोगों का ध्यान गया कि सजावट करने वाला युवक भी गायब है। पुलिस ने मुकदमे के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसने अपना नाम हाथरस के सादाबाद क्षेत्र के गांव बोहरे के वास का अरुण उर्फ अन्नू बताया। पूछताछ में उसने बच्ची संग बुरा काम करना व गला घोंटकर हत्या करना स्वीकारा। न्यायालय में सत्र परीक्षण के दौरान आठ गवाह पेश किए गए, जिनमें वादी बच्ची की मां, पिता, मामा, महिला कांस्टेबल, कांस्टेबल, दरोगा, विवेचक इंस्पेक्टर, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर शामिल हैं। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट भी शामिल की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत व दुष्कर्म के साक्ष्य उजागर हुए। गवाही व साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अरुण को दोषी करार दिया और हत्या व दुष्कर्म में अलग उम्रकैद व एक लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया है। इस मामले में 75 फीसदी जुर्माना राशि पीड़ित पक्ष को देने के निर्देश दिए हैं।

# हनुमानगढ़ी के संत का एलान : हत्यारे शाहरुख को जिंदा जलाने वाले को देंगे 11 लाख का इनाम

अयोध्या ब्यूरो : हनुमानगढ़ी के संत राजूदास ने एक बार फिर से विवादित बयान दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा है कि जो भी मित्र झारखंड की बेटी अंकिता के हत्यारे शाहरुख को पेट्रोल डालकर जलाएगा उसको मेरी तरफ से 11 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाहरुख एक पढ़ी लिखी लड़की पर निकाह का दवाब बना रहा था।अंकिता जाहिल से विवाह का प्रस्ताव क्यों स्वीकार करती, सो मना कर दिया। शाहरुख ने फिर मुगलिया सोच का परिचय दिया और घर में घुसकर, पेट्रोल डालकर अंकिता को जला दिया। पूरा खेल खौफ फैलाने का है। वह यह भी जानता है कि उसके मुद्दे पर न कोई नेता विरोध करेगा, न किसी टीवी चैनल पर डिबेट होगा। शाहरुख को बचाने के लिए फंडिग होगी और संभव है कि कुछ वर्षों में वह जेल से बाहर आकर सुखी जीवन जीने लगे। उन्होंने कहा कि जिस देश में कभी एक महारानी की प्रतिष्ठा पर पूरा राज्य बलिदान हो जाता था, वह देश अब बेटियों की सुरक्षा करना तक भूल गया है। कहा कि ऐसे अब्दुल और शाहरुख हर



मोहल्ले में है, इसलिए सभी बहनों से मेरा निवेदन है कि सतर्क रहिए और दूर रहिए इन दरिंदों से। सभी हिंदू संगठनों से अपील है कि जो भी पेट्रोल डालकर शाहरुख को आग लगाएगा उसे 11 लाख का इनाम दूंगा, क्योंकि हमारी बहन अंकिता ने मरते–मरते कहा था कि जिस तरह मैं मर रही हूं, वैसी ही मौत वो भी मरे।

# अयोध्या रेंज के सुलतानपुर में पेशी पर आया बंदी कोर्ट से फरार : एसपी ने सिपाही को किया निलंबित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या रेंज अयोध्या के सुलतानपुर जिले में जेल से पेशी पर लाया गया हत्याभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।जिसे गंभीरता से लेते हुए इस मामले में एसपी सुल्तानपुर सोमेन वर्मा ने बंदी को पेशी पर ले जाने वाले सिपाही को निलंबित कर दिया है।सूत्र के मुताबिक इसके साथ ही साथ एसपी सुल्तानपुर ने फरार हुए बंदी को पकड़ने के लिए तीन टीमें भी लगाई हैं।मिली जानकारी के अनुसार फरार बंदी विक्की सिंह बिहार का रहने वाला था।जिसे 2019 में गोसाईगंज थाना से जुड़े हत्या व ‟ब्ैज सहित अन्य गंभीर धाराओं में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।वही गुरुवार को विक्की सिंह को जेल से पेशी पर ले आया गया था। सूत्रों के मुताबिक ड्यूटी पर लगे दरोगा वीरेंद्र विक्रम सिंह की देखरेख में काम करने वाले सिपाही विजय कुमार बंदी विक्की को पेशी पर ले जाने की ड्यूटी लगाई गई थी।लेकिन इस बीच मौका मिलते ही बंदी फरार हो गया। बंदियों की गिनती करते वक्त बंद एक अभियुक्त की संख्या कम निकली तब विक्की के




फरार होने की खबर का पता चल सका। वही इस संबंध में जेल अधीक्षक उमेश सिंह ने पेशी पर गए मुलजिम विक्की सिंह के वापस नहीं लौटने की पुष्टि की।इस बाबत फरार बंदी विक्की सिंह के मामले में एसपी ने कार्रवाई की। लॉकअप मोहर्रिर हरि नारायण की तहरीर पर नगर कोतवाली में देर रात मुकदमा दर्ज हुआ। इसके साथ ही साथ एसपी सुल्तानपुर ने सिपाही विजय कुमार को सस्पेंड कर बंदी को पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन किया है।

## हाजी फिरोज खान गब्बर के इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के ट्रस्टी बनने पर स्थानीय लोगों ने जताई खुशी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सुप्रीम कोर्ट के आदेश से जिले के सोहावल स्थित ग्राम सभा धन्नीपुर में मस्जिद निर्माण के लिए मिली 5 एकड़ जमीन की निगरानी एवं निर्माण कार्यो की देखरेख के लिए बने ट्रस्ट इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ने बीकापुर विधाान सभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर को ट्रस्टी नामित किया है।इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सेक्रेटरी अतहर हुसैन ने पत्र जारी करते हुए बताया कि अयोध्या और उसके आस पास इनके काम और सामुदायिक सेवा के माध्यम से इंडो इस्लामिक संस्कृत विरासत को व्यवस्थित करने और सम्मान करने की अपार क्षमता को देखते हुए हाजी फिरोज खान गब्बर को इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन का ट्रस्टी नामित किया जाता है।इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन एक मस्जिद और सामुदायिक सुविधाओं के निर्माण के लिए गठित एक ट्रस्ट हैस जिसमें अस्पताल, सामुदायिक किचेन और इंडो इस्लामिक कल्चरल रिसर्च सेंटर शामिल हैस जिसमें आवंटित 5 एकड़ के प्लॉट में एक भी संग्रहालय शामिल है। हाजी फिरोज खान गब्बर के इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन का ट्रस्टी बनने पर समाजवादी पार्टी के नेता एजाज अहमद, पूर्व ब्लाक प्रमुख फिरदौस स खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख मेराज खान, राशिद जमील, रौनाही प्रधान खुर्शीद अहमद, शोएब खान, पूर्व प्रधान मिर्जा शाहिद बेग, कोला प्रधान प्रतिनिधि आजादी सिद्दीकी, पूर्व प्रधान शफीक अहमद उर्फ अल्लन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हाजी फिरोज खान गब्बर के ट्रस्टी बनने से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से मिली 5 एकड़ जमीन पर निर्माण कार्य में तेजी आयेगी।

# तपस्वी छावनी मे शोक सभा आयोजित कर साकेत वासी महंत को संतों ने दी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आचार्य पीठ तपस्वी जी की छावनी, रामघाट में गुरूवार सायंकाल शोक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें संत–धर्माचार्यों ने साकेतवासी महंत सर्वेश्वर दास महाराज को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा की अध्यक्षता दिगंबर अखाड़ा महंत सुरेश दास व आयोजन–संचालन वर्तमान तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने किया। महंत सुरेश दास ने कहा कि तपस्वी छावनी अयोध्या की सबसे पुरानी छावनी है। यहां के महंत बलुइया बाबा बहुत ही तपस्वी संत थे।उनके साकेतवास बाद सर्वेश्वर दास यहां के महंत बने।जो आज हम लोगों के बीच में नही हैं। उनका साकेतवास हो चुका है। वह विद्वान और त्यागी पुरुष थे। उन्होंने आजीवन तपस्वी छावनी परंपरा का निर्वाहन किया। वह अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत थे। रामकथा मंडप के महंत रामानंद दास ने कहा कि साकेतवासी महंत सर्वेश्वर दास महाराज महापुरुष थे। उनका स्वभाव बहुत ही सरल रहा। वह सबसे बहुत ही सरलता एवं विनम्रता के साथ मिलते थे। उनका जीवन त्याग पूर्ण रहा है। वह सशरीर हम लोगों के बीच नही हैं।लेकिन उनकी यश और कीर्ति सदैव रहेगी। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने महंत सर्वेश्वर दास महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह सच्चे अर्थों में एक तपस्वी थे, आध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण होने के साथ–साथ वे समाज में घटने वाली प्रत्येक घटनाओं पर अपनी गहने दृष्टि रखते थे, उनके साथ अक्सर अध्यात्मिक, तथा अन्य मुद्दों पर अक्सर चर्चाएं होती रहती थी। श्री पांडेय ने यह भी कहा कि महंत सर्वेश्वर दास जी महाराज के पास व्यक्ति को पहचानने की अद्भुत क्षमता थी, निश्चित रूप से उनका जाना ना सिर्फ संत समाज का, बल्कि आध्यात्मिक जगत की एक अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में हनुमान बाग महंत जगदीश दास, जगन्नाथ मंदिर अहमदाबाद महंत दिलीप दास, हनुमानकिला महंत रामभजन दास, वैद्य मंदिर महंत राजेंद्र दास, कनक महल महंत सीताराम दास महात्यागी, महाविरक्त आश्रम महंत माधवदास रामायणी, सरयू मंदिर महंत रामअवध दास, रामलीला निवास महंत चंद्रशेखर दास, राष्ट्रीय रामकथा मर्मज्ञ चंद्रांशु महाराज, करतलिया भजनाश्रम महंत बालयोगी रामदास, महंत अंगद दास, महंत अभिराम दास, रावत मंदिर महंत राममिलन दास, स्वामी छविराम दास, महंत सच्चिदानंद दास, महंत रामकिशोर दास, महंत गंगादास, सनातन मंदिर महंत मुकेश दास, आचार्य शशिकांत दास, महंत हरिभजन दास, महंत राजकुमार दास, पुजारी ओमप्रकाश दास, महंत प्रेमदास हरिद्वार, भरत दास, चंदा बाबा, मामा दास हनुमानगढ़ी, महेंद्र भाई झा गुजरात आदि संत–महंत व विशिष्टजन उपस्थित रहे। उन्होंने भी साकेतवासी महंत के प्रति अपनी वाक् पुष्पांजलि अर्पित की। सभा के अंत में संत–महंतों ने दो मिनट का मौन रखा।

## बापू बालिका इंटर कालेज की प्रिंसिपल डॉ नीलम गुप्ता ने छेड़खानी मामले में लगाये गये आरोप को बताया निराधार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)दो दिन पहले कोतवाली नगर के हैदरगंज मोहल्ले की दो सगी बच्चियों के साथ हुई छेड़खानी मामले पर स्कूल प्रधानाचार्या ने बच्चियों का स्कूल से नाम काटने व समझौता करने का दवाव डालने का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि जो खबरें प्रसारित हो रही है वह भ्रामक है। देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल अयोध्या ब्यूरो चीफ से मुलाकात में बताया कि वे इन दोनों बेटियों के साथ खड़ी है। जिनका वे खुद सम्मान करेगी।इस मौके पर बापू बालिका इंटर कालेज की प्रिंसिपल डॉ नीलम गुप्ता ने बताया कि इस समय जो खबरें फैल रही है वह भ्रामक हैं।जो मेरे खिलाफ फैलायी जा रही हैं। वह बच्चियां मेरी भी बेटी हैं,और मेरे घर में भी बेटी हैं।मै बेटियों की सम्मान करती हूं।अगर आज मैं ऐसा करूंगी तो कल को यह हमारी बेटियों के साथ भी हो सकता हैं, वही प्रधानाचार्या ने कहा कि मेरे द्वारा बच्चियों को नाम काट देने जैसी बात पूरी तरह से झूठी और भ्रामक हैं मैं खुद स्कूल के समय पर जाकर बच्चियों को सम्मान के साथ लेकर आउंगी और साथ ही मैं उन बेटियों को सम्मानित भी करूंगी मुझे गर्व हैं कि मेरे स्कूल में ऐसी बच्चियां हैं जो समाज कि कुरीतियों से निडर होकर लड़ सकती हैं मैं कल भी उनके साथ खड़ी थी और आज भी खड़ी हूँ और हमेशा खड़ी रहूंगी।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बनेगी कंप्यूटर लैब : 15 लाख रुपए से किया जाएगा तैयार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) वर्तमान समय में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाएं डिस्टल तकनीकी में दक्ष होंगी।शासन ने सभी विद्यालयों में कंप्यूटर लैब को स्थापित कर बालिकाओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की पहल कर उन्हें किताबी ज्ञान के साथ–साथ कंप्यूटर की तकनीकी में पारंगत बनाने का फैसला लिया है। मिल्कीपुर तहसील के तीनों ब्लॉकों अमानीगंज मिल्कीपुर वह हैरिंग्टनगंज में स्थापित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कंप्यूटर लैब स्थापित होगा । कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पढ़ाई कर रही बेटियां प्रारंभिक शिक्षा से ही कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण करेंगी। प्रत्येक लैब की स्थापना में पांच पांच लाख खर्च किए जाएंगे। इस तरह तीनों विद्यालय में कुल 15 लाख रुपए कंप्यूटर लैब स्थापना में खर्च होगा। इससे 4.50 लाख रुपए सामग्री की खरीद में और 50000 हजार रुपए कमरे की साज छज्जा पर खर्च किया जाएगा। इन विद्यालयों में आधा दर्जन डेस्कटॉप कंप्यूटर, 6 यूपीएस, स्पीकर ,हेडफोन, एक लेजर प्रिंटर, लैब में विद्युत वायरिंग, ब्रॉडबैंड इंटरनेट, टेबल ,कुर्सी के साथ पर्दे रंगाई सहित आवश्यक कार्य होंगे।कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं को कोडिंग, आर्टिफिशियल, इंटेलिजेंस, और मशीन लर्निंग, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस और बिजनेस कुशाग्रता पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर अमानीगंज पंकज मिश्रा ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पहले से भी तीन कंप्यूटर मौजूद थे, लेकिन छात्राओं को सीखने व पढ़ने में परेशानी हो रही थी। जिसको देखते हुए अब सरकार कस्तूरबा गांधी विद्यालय को भी हाईटेक कर रही है जिससे छात्राएं अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।

# अयोध्या राम नगरी में खाकी वाले गुरु जी के नाम से जाने जाते हैं सब– इंस्पेक्टर रणजीत यादव

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार जनपद अयोध्या के परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त उत्तर प्रदेश पुलिस के सब–इंस्पेक्टर रणजीत यादव! अपनी ड्यूटी से समय निकालकर ये गरीब असहाय और भिक्षावृत्ति से जुड़े हुए बच्चों को रोजाना पढ़ाते हैं! जेब खर्च से कॉपी,किताब, कलम,पेंसिल,रबड, कटर इत्यादि अध्ययन सामग्री प्रदान करते हैं! ‘खाकी वाले गुरुजी’ के नाम से प्रसिद्ध रणजीत यादव ने अनूठे स्कूल की शुरुआत नवम्बर 2021 में कोतवाली अयोध्या के नयाघाट पर नियुक्ति के दौरान तब किया जब उन्होंने देखा कि कुछ बच्चे घाटों और मंदिरों के आस–पास भिक्षावृत्ति कर रहे हैं। वर्तमान में अपना स्कूल में कुल 65 बच्चे भिक्षावृत्ति त्याग कर निःशुल्क शिक्षा ले रहे हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से दर्शनशात्र विषय में स्नातकोत्तर रणजीत यादव रक्तदान, पौधरोपण, शिक्षा,सुरक्षा और यातायात जागरूकता,गरीब असहायों की मदद करना जैसे सामाजिक सरोकार करते रहते हैं। प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में बेजुबानों के लिए




‘थोड़ा सा दाना थोड़ा सा पानी’ मुहिम भी इनके द्वारा चलाई जाती है! इनके द्वारा लिखित सामाजिक संदेश पर आधारित कई कहानियों का प्रसारण आकाशवाणी लखनऊ व आकाशवाणी फैजाबाद से हो चुका है। आजमगढ़ के मूल निवासी रणजीत यादव को ‘सुरक्षा के साथ सेवा’ भावना के चलते मिल चुके हैं कई पुरस्कार! आप इन्हें इनके ट्वीटर @RSupercop और फेसबुक,यू ट्यूब,तथा इंस्टाग्राम पर Ranjeet Supercop नाम से फॉलो भी कर सकते हैं! सेवा ही परमो धर्म।

# पत्रकारों के लिए पेंशन योजना में आवेदन हेतु जारी हुई गाइडलाइन : मान्यता प्राप्त होना जरूरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 60 वर्ष व उससे अधिक के पत्रकारों को पेंशन दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके क्रम में सूचना निदेशक/अपर सूचना निदेशक के माध्यम से पत्र के क्रम में उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधार सिंह ने बताया कि उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निम्नांकित शर्ते पूर्ण करते हैं यथा उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक हो, ऐसे पत्रकार जो किसी अन्य पेंशन योजना से लाभान्वित न हो तथा जिनकी समस्त स्रोतो से वार्षिक आय 2.5 लाख से अधिक न हो, योजना अन्तर्गत पेंशन हेतु आवेदक को कम से कम 15 वर्षो से सूचना विभाग की सुसंगत नियमावली के अधीन निरन्तर राज्य स्तरीय / जनपद स्तरीय मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है तथा किसी भी पत्र/पत्रिका का स्वामी/ मुद्रक / प्रकाशक इस हेतु अर्ह नहीं होगा अनिवार्य है। उपरोक्त अपेक्षित सूचना के साथ–साथ संबंधित पत्रकार का आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मान्यता कार्ड की छाया प्रति भी साक्ष्य स्वरुप संलग्न करते हुये अपेक्षित सूचना पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि वांछित सूचना शासन को प्रेषित की जा सके।

## वैश्विक पटल चुने गए डॉ विनय प्रकाश सिंह सेक्रेटरी जनरल

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिले में पूरा के रहने वाले विनय प्रकाश सिंह सदस्य डाक सेवा बोर्ड भारत सरकार के पद पर रहते हुए एशिया पेसिफिक पोस्टल यूनियन के सेक्रेटरी जनरल 2023 से 2027 तक के लिए चुने गये हैं।थाईलैंड में स्थित एशिया पेसिफिक पोस्टल यूनियन के 31 देशों के सदस्य ने वोटिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग किया । जिसमें 18 वोट पाकर भारत देश के श्री सिंह विजयी हुए 13 देशों के वोटों के साथ न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रहा । 1988 बैच के आई पी एस श्री सिंह ने मौजूदा समय में सदस्य डाक सेवा बोर्ड भारत सरकार के पद पर आसीन हैं इसके पूर्व संचार मंत्रालय में मुख्य सतर्कता अधिकारी भारत सरकार , चीफ पोस्टमास्टर जनरल उत्तर प्रदेश, चीफ जनरल मैनेजर तैनात रहने के साथ साथ संघ लोक सेवा आयोग सयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम , अफगानिस्तान व सेना डाक सेवा कोर प्रतिनियुक्ति रह चुके है।सूत्र के मुताबिक श्री सिंह पूरा बाजार के पूर्व प्रधानाचार्य स्व राम मनोरथ सिंह के पुत्र है।श्री सिंह को एशिया पेसिफिक पोस्टल यूनियन के महासचिव बनाये जाने पर अयोध्या डाक विभाग में खुशी की लहर दिखाई दे रही थी। वही इसी कड़ी में अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने कहा यह भारत देश के लिए गौरव है।जबकि विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, विधायक अभय सिंह, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दिया।

## कागजों में सिमट कर रह गया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर राइस

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में धान पर अनुसंधान हेतु स्थापित सेंटर आफ एक्सीलेंस को शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए 2 करोड़ 23 लाख 33 हजार रुपए के सापेक्ष वित्तीय वर्ष वार व्यय किए गए धनराशि का व्यौरा उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक संजय सिंह द्वारा विश्वविद्यालय के मुख्य अन्वेषक सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर राइस डॉ ए के सिंह से मांग लिया गया है। डीजी उपकार संजय सिंह ने विश्वविद्यालय के मुख्य अन्वेषक को प्रेषित किए गए पत्र में अद्यतन धान की कितनी लाइंस तैयार की गई है और वर्तमान में उनका क्या स्टेटस है, उन्नतशील प्रजातियों को विकसित करने में कौन–कौन से पोषक तत्व इंटीग्रेट किए गए हैं, शोध कार्य हेतु नियुक्त किए गए 10 मानदेय कार्मिकों का विवरण, मॉली कूलर लैब की स्थापना एवं उपकरणों के क्रय में क्या कार्यवाही की गई है सहित प्रयोगशालाओं के जीर्णोद्धार का विवरण भी मांगा है। हालांकि मुख्य अन्वेषक डॉ ए के सिंह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर राइस द्वारा बीते 17 अगस्त को महानिदेशक उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ से आधी अधूरी सूचना भेजी गई है जिस के क्रम में आज 2 सितंबर को पुनः महानिदेशक द्वारा एक पत्र भेजकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। मुख्य अन्वेषक डॉक्टर ए के सिंह द्वारा प्रेषित की गई रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2018 –2019 मे प्राप्त 100 लाख के सापेक्ष 53 लाख 50 हजार9 सौ 60 रुपए तथा वित्तीय वर्ष 2019 – 2020 में प्राप्त 50 लाख रुपए के सापेक्ष 48 लाख 70 हजार 3 सौ 86 रुपए और वित्तीय वर्ष 2020 – 2021 में प्राप्त 25 लाख रुपए के सापेक्ष 24 लाख 99 हजार 9 सौ 80 रुपए व्यय शेष बचे 20 रुपए कोषागार अयोध्या में जमा करा देना, वित्तीय वर्ष 2021–2022 में प्राप्त 25 लाख रुपए के सापेक्ष 24 लाख 99 हजार 9 सौ 95 रुपए व्यय, शेष 5 रुपए कोषागार अयोध्या में जमा कराने सहित वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त 33 लाख 33 हजार रुपए के सापेक्ष अब तक 5 लाखों रुपए में किए जाने एवं शेष धनराशि के मौजूद होने की रिपोर्ट प्रेषित की गई है। मुख्य अन्वेषक डॉ ए के सिंह द्वारा भौतिक प्रगति से भी बिंदुवार अवगत कराया गया है, जिसमें मौलिक कूलर लेबोरेटरी की स्थापना एवं आवश्यक उपकरणों का क्रय प्रस्ताव के अनुसार किया जाना, तालाब का जीर्णोद्धार एवं 7.5 हॉर्स पावर के पंप हाउस की स्थापना, प्रयोगशालाओं का जीर्णोद्धार शोध हेतु केमिकल एवं ग्लासवेयर का क्रय एवं शोधा कार्य हेतु 10 मानदेय कार्मिकों की नियुक्ति की गई एवं सीजनल मजदूरों का व्यय भार सम्मिलित है। फिलहाल मुख्य अन्वेषक द्वारा प्रेषित की गई उक्त रिपोर्ट से संतुष्ट ना होने की दशा में महानिदेशक उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद संजय सिंह द्वारा इससे इतर अन्य पांच बिंदुओं पर भी विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित उक्त एक्सीलेंस सेंटर का जायजा लिया गया जहां प्रयोगशाला सहित अन्य कार्य केवल कागजों तक ही सिमटे मिले हैं। यहां तक की पुरानी प्रयोगशाला कूड़े कचरे एवं गंदगी से पटी पड़ी है जिसके जीर्णोद्धार की रिपोर्ट महज औपचारिकता निभाई जानी प्रदर्शित हुई है।

# एंबुलेंस में हुआ प्रसव : जच्चा–बच्चा दोनों स्वस्थ्य : अस्पताल पहुंचने से पहले ही हुआ प्रसव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर में आपात सेवा 108 नंबर एंबुलेंस एक बार फिर वरदान साबित हुई है। बीकापुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलेथू कनक गांव से सीएचसी ले जाते समय गांव के बाहर ही 108 नंबर एंबुलेंस के कर्मियों ने एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करा जच्चा–बच्चा की जान बचाई। इसके बाद जच्चा–बच्चा को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दोनों स्वस्थ हैं। प्रसव के बाद महिला के परिजनों ने राहत की सांस ली और एम्बुलेंस में मौजूद इएमटी व मेडिकल टैक्नीशियन का आभार व्यक्त किया। बीकापुर थाना क्षेत्र के मलेथू कनक निवासी धर्म प्रताप मौर्या की पत्नी रीता देवी उम्र 35 की बीती रात प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने फोन से इसकी सूचना 108 एम्बुलेंस पर दिया। सूचना के कुछ मिनट बाद एंबुलेंस आ गई। उसमें इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन (ईएमटी) यादव राम और पायलट विनय वर्मा तैनात थे। ईएमटी यादव राम ने बताया कि एंबुलेंस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले ही मलेथू कनक गांव के पास गर्भवती की प्रसव पीड़ा बढ़ गई। गर्भवती की स्थिति बिगड़ने लगी तो पायलट ने एंबुलेंस को किनारे रोक दिया। गर्भवती की परिजन और ईएमटी की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया। जिसके बाद गर्भवती ने अपने पुत्री को जन्म दिया।

## तीन हाईवे से हटेगे तीन दर्जन ढाबा : संचालकों को दी गयी नोटिस

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सूत्र के मुताबिक तीन हाइवे से तीन दर्जन ढाबे हटाये जायेंगे। जिसके लिए संभी विभाग द्वारा ढाबा संचालकों को नोटिस भी जारी किया गया है। सूत्रों के मुताबिक सबसे अधिक 18 ढाबे लखनऊ–कानपुर रोड हाईवे पर चिहिन्त किये गए,सभी को दी गयी लखनऊ –कानपुर रोड, अयोध्या तथा सीतापुर रोड पर जाम का कारण बनने वाले सभी अवैध ढाबे हटाए जाएंगे। कुल 36 ऐसे ढाबे चिहिन्त किए गए हैं जिन्हें हटाने की नोटिस दी गयी है। इनमें से सबसे अधिक 18 ढाबे कानपुर रोड पर चिहिन्त हुए हैं। जबकि 11 ढाबे अयोध्या व सात ढाबे सीतापुर रोड पर चिहिन्त किए गए हैं। शासन के निर्देश पर इन ढाबों को हटाने की नोटिस जारी कर दी गयी है।एनएचएआई, एलडीए, नगर निगम, पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम के सर्वे में जाम की वजह इन ढाबों को भी बताया गया है। इनके बाहर खड़े होने वाले वाहनों की वजह से यातायात प्रभावित होता है। कुछ जगहों पर ट्रैफिक धीमा हो जाता है तो कुछ जगहों पर कुछ पलों के लिए ठहर जाता है। 23 अगस्त को अपर मुख्य सचिव गृह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वे की रिपोर्ट रखी गयी थी। जिसमें इन ढाबों के बारे में चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव ने इन ढाबों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। जिसके क्रम में इन्हें नोटिस जारी कर दी गयी है। कानपुर रोड के 18 ढाबों को अवैध बताया गया है क्योंकि इनका नक्शा ही नहीं पास है। यह मानक के अनुसार बने भी नहीं है। इन सभी को खुद ही ढाबे हटाने को कहा गया था।अगर ढाबा संचालक खुद अपने ढाबों को नहीं हटाते हैं तो न एनएचएआई, नगर निगम व एलडीए संयुक्त अभियान चलाकर इन्हें ध्वस्त करेंगे। इसी तरह अयोध्या रोड व सीतापुर रोड के ढाबे को भी नोटिस दी गयी है।

# रुदौली विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के रूदौली भाजपा विधायक राम चन्द्र यादव ने विकास खंड रुदौली क्षेत्र के ग्राम जलीलपुर(प्रथम)आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी रूदौली अखिलेश गुप्ता,सीडीपीओ सिद्धार्थी पांडे व सुपरवाइजर अरुणा बाजपेयी मौजूद रहीं।विधायक ने आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर सेविका,सहायिका से सही समय पर केन्द्र को खोलने का निर्देश दिया। इस मौके पर विधायक ने आंगनबाड़ी के जर्जर भवन को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द ही जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र भवन का कायाकल्प योजना के तहत मरम्मत कार्य कराया जाय।वहीं विधायक ने सीडीपीओ सिद्धार्थी पांडे को निर्देश देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की अधिक से अधिक संख्या को बढ़ाएं और समय पर बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराएं।इस दौरान भाजपा नेता किशोरी लाल भारती,रमेश दूबे,अश्वनी यादव,रमाकांत मिश्रा,विकास मिश्रा,वीरेंद्र कुमार तिवारी,अम्मर दीन,गिरजा शंकर तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने शादी अनुदान बंद किए जाने की आलोचना

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को मिलने वाला शादी अनुदान बंद किए जाने की आलोचना करते हुए कहा भाजपा सरकार ने गरीब अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वह सामान्य वर्ग के गरीबों को मिलने वाला 20000 का शादी अनुदान बंद करके गरीब परिवारों के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है क्योंकि गरीबों को अपनी बेटियों की शादी में शादी अनुदान एक बड़ा सहारा रहता था उन्होंने कहा एक तरफ भाजपा सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है दूसरी तरफ बेटियों की शादी अनुदान बंद करके बड़ा संकट खड़ा कर दिया श्री सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया व गरीबों के हित को ध्यान रखते हुए अपने निर्णय पर पुनर्विचार करके शादी अनुदान जारी रखें और उक्त अनुदान को राजस्थान की कांग्रेस सरकार की तरह 51000 करें।

### ग्राम न्यायाल के समर्थन में किया पैदल मार्च कर अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के बीकापुर तहसील में ग्राम न्यायालय की यथावत बरकरार रखने के समर्थन बीकापुर के अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष राम सजीवन पांडे की अगुवाई में शुक्रवार को अयोध्या – प्रयागराज हाइवे मार्ग पर पैदल मार्च कर ग्राम न्यायालय तक किया। इस दौरान सभी फोटो स्टेट व टाइपिस्ट,स्टांप बेंडर की ने भी काम काज बंद रखा। एसडीएम प्रशांत कुमार को ज्ञापन प्रेषित कर राजपाल को भेजा और कार्य बहिष्कार किया। वकीडलों के कार्य बहिष्कार के चलते मुकदमों में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। वादकारी तारीख नोट करके घर वापस जाने के लिए विवश हो गए। इस मौके पर श्रीकांत त्रिपाठी राम तेज वर्मा शेख मोहम्मद इस्हाक, आबाद अहमद खां,ओम प्रकाश यादव, श्याम नारायण पांडे, विजय बहादुर सिंह, बृजेश कुमार यादव लालमन पांडे अवधेश कुमार उपाध्याय तुलसीराम तिवारी लश्करी प्रसाद पांडे अवधेश कुमार वर्मा मंसाराम वर्मा हरगोविंद पटेल अवध राम यादव अवधेश कुमार निषाद महावीर गुप्ता आदि शामिल रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।